Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-१३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ जुलाई २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २३ जून, २०२२ को नई दिल्ली में 'वाणिज्य भवन' का उद्घाटन और निर्यात पोर्टल का शुभारंभ किया।

## देश नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में बढ़ रहा है-पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में 'वाणिज्य भवन' का उद्घाटन किया और निर्यात पोर्टल (एनआईआरवाईएटी) (राष्ट्रीय आयात-निर्यात वार्षिक व्यापार विश्लेषण रिकॉर्ड) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, सोम प्रकाश और अनुप्रिया पटेल उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत में सिटिजन सेंट्रिक गवर्नेंस के जिस सफर पर देश बीते ८ वर्षों से चल रहा है, आज उस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि देश को आज नया और आधुनिक वाणिज्य भवन और साथ ही निर्यात पोर्टल की भेंट मिल रही है। हाल के दिनों के कई उदाहरणों के बारे में चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की नई कार्य संस्कृति में, पूर्णता तिथि एसओपी का हिस्सा है और इसका कड़ाई से पालन किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रोजेक्ट्स बरसों तक लटके नहीं, समय पर पूरे हों, सरकार की योजनाएं अपने लक्ष्यों तक पहुंचे, तभी देश के टैक्सपेयर का सम्मान है। अब तो पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के रूप में हमारे पास एक आधुनिक प्लेटफार्म भी है। उन्होंने कहा कि यह वाणिज्य भवन राष्ट्रों की 'गति शक्ति' को बढ़ावा देगा।

## अश्विनी वैष्णव ने की मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना की १४वीं बैठक की सह-अध्यक्षता

### बैठक में रेल मंत्री ने परियोजना को जल्द पूरा करने पर जोर दिया



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिनांक ३०.०६.२२ को मुंबई - अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमए-एचएसआर) परियोजना के निष्पादन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए भारतीय पक्ष की १४वीं संयुक्त समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। जापान के प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार डॉ. मोरी मसाफुमी ने जापानी पक्ष की ओर से बैठक की सह-अध्यक्षता की। बैठक के दौरान परियोजना की प्रगति के संबंध में प्रस्तुतिकरण और वीडियो फिल्म दिखाई गई। इसके अलावा, परियोजना के आपसी समाधान और लक्षित कमीशनिंग के लिए वित्त पोषण, अनुबंध और निष्पादन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। भारत सरकार और जापान सरकार के बीच संयुक्त समिति की बैठक आपसी हितों और लाभों की परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सर्वोच्च सलाहकार समिति है। जापानी सरकार एमएएचएसआर परियोजनाओं को आसान ऋण और तकनीकी व वित्तीय सहयोग के साथ वित्त पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक लाभदायक व उपयोगी रही और परियोजना के शीघ्र पूरा होने के लिए रणनीतिक मुद्दों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों ने परियोजना के समग्र हित में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण एक परियोजना-एक टीम पर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

## आजमगढ़-रामपुर की जीत डबल इंजन सरकार की डबल जीत-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र। रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जो कि लोकसभा चुनाव २०२४ के लिए एक संदेश है। उन्होने कहा की आज की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की जीत है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहा बहुमत फिर विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ और रामपुर की जनता का आभार जताया है। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भोजपुरी फिल्मों के कलाकार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और रामपुर सीट पर घनश्याम सिंह लोधी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणाम बताता है कि जनता परिवार-वादी और सांप्रदायिक दलों और नेताओं को स्वीकार करने वाली नहीं है। जनता भाजपा के सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि भाजपा २०२४ में यूपी की ८० में से ८० लोकसभा सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने इस जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया है।

उन्होंने कहा कि इस भयंकर गर्मी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिस तरह परिश्रम की पराकाष्ठा की है। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं।

# रेलवे ने जून २०२२ में १२५.५० मीट्रिक टन की रेकॉर्ड माल ढुलाई की



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने पिछले साल की रफ्तार को वर्ष २०२२-२३ में भी बरकरार रखा है और जून २०२२ में १२५.५० मीट्रिक टन की अब तक की सबसे ज्यादा मासिक माल ढुलाई की है। जून के महीने में १२.७२ एमटी वृद्धिशील लोडिंग रही है यानी २०२१ में हासिल किए गए अब तक के जून के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों की तुलना में ११.२८ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसके साथ ही, मासिक माल ढुलाई में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेलवे को लगातार २२ महीने हो गए हैं। इस वृद्धि को कोयले में १३.१६ एमटी, सीमेंट और क्लिंकर में १.६८ एमटी, शेष अन्य वस्तुओं में १.५७ एमटी और खाद्यान्न में ०.६४ एमटी की वृद्धिशील लोडिंग से बढ़ावा मिला है। साल की पहली तिमाही में संचयी माल ढुलाई ३७६.४ एमटी रही है जबकि २०२१-२२ में यह ३३६.३ मीट्रिक टन रहा था। इस तरह से यह पिछले साल इसी अवधि की तुलना में १२ प्रतिशत की वृद्धि के साथ ही ४०.०६ एमटी की वृद्धिशील लोडिंग को दर्शाता है। बिजली और कोयला मंत्रालय के साथ समन्वय में, बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे का लगातार प्रयास जून के महीने में माल ढुलाई में शानदार प्रदर्शन की एक प्रमुख वजह रहा है।

# झांसी - ललितपुर खंड में सेफ्टी ऑडिट



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी एम.के.गुप्ता के नेतृत्व में उत्तर मध्य रेलवे एस.ए.जी सेफ्टी ऑडिट टीम द्वारा दि. १६.०६.२२ को झांसी-ललितपुर खंड में झांसी से ललितपुर के मध्य विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करने के अलावा माताटीला स्टेशन, जखौरा स्टेशन तथा समपार फाटक ३३५/टी का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को संबंधित मंडलाधिकारियों को अनुपालन हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान झांसी मंडल के अधिकारीगण तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक / ओपी दिनेश वर्मा झांसी उपस्थित रहे । उक्त सेफ्टी ऑडिट टीम में उत्तर मध्य रेल मुख्यालय प्रयागराज के उच्चाधिकारी पी के पाण्डेय मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजिनीयर, मुख्य सिग्नल इंजिनीयर संदीप दीक्षित, मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक अविनाश मिश्र, मुख्य इंजिनीयर (टीएस) आदि उपस्थित रहे।

# कोर ने मनाया ६७वां रेल सप्ताह समारोह




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन वर्तमान में,६ परियोजनाओं-अम्बाला, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, सिकंदराबाद एवं बेंगलुरु के माध्यम से भारतीय रेल के ब्रॉड गेज रूटों को विद्युतीकरण करने का कार्य मिशन मोड पर कर रहा है। भारत में प्रथम सवारी गाड़ी का शुभारम्भ मुम्बई से ठाणे के मध्य १६ अप्रैल १८५३ को हुआ था। इसी ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने हेतु प्रयागराज स्थित केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रति वर्ष अप्रैल माह में रेल सप्ताह समारोह का आयोजन करती है। कोविड महामारी के कारण इस वर्ष इसके आयोजन में विलम्ब हुआ पर ३० जून को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में इसका धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर अरुण कुमार, द्वारा सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले १६ अधिकारियों एवं ५७ कर्मचारियों को महाप्रबन्धक पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विभिन्न परियोजनाओं को शील्ड भी प्रदान की गई। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसे सभी ने खूब सराहा। समारोह के प्रारम्भ में महाप्रबन्धक एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन नीलिमा कटियार, को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समारोह में सम्मलित हुए।

# उत्तर मध्य रेलवे स्वास्थ्य केंद्र में चलाया गया वैक्सीनेशन अभियान



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज कोविड -१९ महामारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए प्रयागराज मण्डल ने अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ 100% वैक्सीनेशन कराने का भी लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य सरकार से समंवय स्थापित कर वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे स्वास्थ्य केंद्र सुबेदारगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजरूपपुर के पारस्परिक सहयोग से रेलवे कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उनके परिजनों का टीकाकरण सुबह १०:०० बजे से मध्यान ०१:०० तक किया गया। इसी क्रम में चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. रूपा कपिल एवं स्वास्थ केंद्र अधिकारी के मार्गनिर्देशन में स्वास्थ केंद्र सूबेदारगंज में डॉ आशीष अग्रवाल द्वारा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान १२ वर्ष से अधिक उम्र वाले २० लोगो को कोर्बिवेक्स वैक्सीन लगाई गई, दूसरा डोज २८ दिन के बाद लगेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक चिकित्सा निदेशक डॉ रूपा कपिला ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# पंजाब: पहले बजट में मान सरकार ने किया बड़ा एलान, इस तारीख से मिलेगी फ्री बिजली



रे.स.ब्यूरो./सूत्र पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने अपना पहला बजट पेश किया। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने पंजाब विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि एक जुलाई तक राज्य में मुफ्त बिजली का वादा पूरा किया जाएगा। ऐसे में पंजाब के लोगों को इस बजट से काफी उम्मीद है, लेकिन सरकार ने बजट पेश करने से पहले राज्य की वित्तीय हालत को लेकर जो श्वेत पत्र जारी किया है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि बजट में बड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद काफी कम है। मुफ्त बिजली के अलावा बजट में इन बातों पर भी रह सकता है। पंजाब सरकार कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बड़ी घोषणाएं कर सकती है। सरकार ने घर पर खाद्यान/आटा वितरण का जो वादा किया था उसे लेकर आटा योजना शुरू की जा सकती है। आप ने अपने वादे में महिलाओं को प्रतिमाह १००० रुपए देने का भी वादा किया था, हालांकि उसे लेकर अभी के बजट में घोषणा होने की उम्मीद कम है। पंजाब में आप सरकार के पहले बजट पर मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री /BhagwantMan ने अपने पहले बजट में पैसे की तमाम कमी के बावजूद शिक्षा के बजट में शानदार बढ़ोतरी की है। स्कूल शिक्षा बजट में पिछले साल के मुकाबले १७% की बढ़ोतरी, तकनीकी शिक्षा बजट में ४८% और मेडिकल शिक्षा बजट में ५७% की बढ़ोत्तरी की है।

# आईआरसीटीसी कराएगा महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर के दर्शन

रे.स.ब्यूरो./संवा. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा श्रावण मास में दो ज्योतिर्लिंगों महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर के साथ महेश्वर एवं मान्डू के स्थानीय भ्रमण के लिए हवाई टूर पैकेज लांच किया है जो की पांच रात, छह दिन का है, और पांच अगस्त से दस अगस्त तक का रहेगा। इसके लिए आईआरसीटीसी द्वारा लखनऊ से इंदौर तक यात्रियों को विमान से ले जाने और ले आने की व्यवस्था की गई है। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा ने बताया की वेबसाइट से इसकी ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे में 'मानवता के लिए योग' की थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसी विषय पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार के नेतृत्व एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन पूनम कुमार एवं अपर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे रंजन यादव की उपस्थिति में इस शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कोणार्क से माननीय रेल मंत्री के संदेश एवं कार्यक्रम एवं तदोपरांत माननीय प्रधानमंत्री के संदेश का सजीव प्रसारण किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक अनुपमा सिंह के मार्गदर्शन में योग सत्र का आयोजन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य कार्मिक अधिकारी अवधेश कुमार के समन्वयन में संचालित हुआ। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मंडल रेल प्रबंधकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तथा कारखानों में मुख्य कारखाना प्रबंधकों एवं रेलकर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। प्रयागराज मंडल में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक सभागार सहित डी एस ए ग्राउंड टूंडला कॉलेज, प्रयागराज, कानपुर, मीरजापुर सहित प्रमुख स्टेशनों, क्रू ल बी, रनिंग रूमों प्रयागराज इलेक्ट्रिक ट्रेनिंग सेंटर, कानपुर एवं विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए। झांसी मंडल में वरिष्ठ संस्थान झांसी में मंडल रेल प्रबंधक, झांसी आशुतोष के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर भी योग सत्र आयोजित किए गए। आगरा मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक आगरा मुदित चंद्रा नेतृत्व में अधिकारी क्लब आगरा में योग सत्र का आयोजन किया गया। इसी तरह के योग सत्र विभिन्न स्टेशनों पर आयोजित किए गए। इस आयोजन का ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप आदि जैसे सोशल मीडिया टूल्स का उपयोग करके कार्यक्रम का व्यापक प्रचार किया गया। राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम जो दूरदर्शन पर प्रसारित किया जा रहा था उसको अधिकारी क्लबों कार्यक्रम स्थलों एवं विभिन्न स्थानों आदि में टीवी और स्क्रीन पर पर भी दिखाया गया।



डॉ प्रदीप तिवारी सदस्य जेड.आर.यू.सी.सी. सभा को सम्भोधित करते हुए

रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उप्र राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा राजकीय संग्रहालय-झाँसी, बुन्देलखण्ड पर्यटन विकास एवं पुरातत्व संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक धरोहरों पर व्याख्यान कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय तालबेहट में मेरे मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीना वालिया जी की अध्यक्षता, नगर पंचायत, तालबेहट की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता सोनी जी ,भाजपा ललितपुर के जिला उपाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत जी, एवं ब्लॉक प्रमुख तालबेहट विजय सिंह जी गोलू राजा के विशिष्ट आतिथ्य तथा समाजसेवी प्रेम नारायण बिलगैयां जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। वक्ता के रूप में क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी, झाँसी मण्डल डॉ एस. के. दुबे ने बुन्देलखण्ड के सभी जिलों की ऐतिहासिक धरोहरों की विस्तृत जानकारी प्रदान करके छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों के साथ चंदेलकालीन हजारिया महादेव मन्दिर में शंकर भगवान का पूजा अर्चना किया।

# प्रधान वित्त सलाहकार पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के लेखा विभाग में प्रधान वित्त सलाहकार पुरस्कार समारोह २०२१-२२ का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में लेखा विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं पुरस्कृत कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान वित्त सलाहकार अमर कुमार सिन्हा, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य आदित्य जोशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/भण्डार एवं कारखाना अभिनव गुप्ता तथा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी /निर्माण चन्दन कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान कुल ४७ पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रधान वित्त सलाहकार महोदय द्वारा लेखा विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गयी तथा समस्त रेलकर्मियों को बदलते परिदृश्य में नये नियमों को आत्मसात करते हुए नई सोच के साथ कार्य करने पर बल दिया। अभिनव गुप्ता, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/भण्डार द्वारा रेलकर्मियों को भारतीय रेल के संगठनात्मक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपवित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ सामान्य गार्गी उमराव द्वारा किया गया।

# बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्र वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग के तत्वावधान में बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बराकास) की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुश्री अंजली गोयल महाप्रबंधक, बरेका ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनता की भाषा में प्रशासनिक कार्य करके ही हम जनता का विश्वास हासिल कर सकते हैं। विकास कार्यक्रमों में जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए हिंदी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर बल देते हुए तकनीकी अनुसंधान से जुड़े हुए कार्यों को मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए निर्देशित किया। 'बरेका दर्पण' पत्रिका में तकनीकी विषयों पर मौलिक लेख लिखने के लिए उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित हिंदी की प्रगति रपट पर चर्चा की गई एवं अपने विचार प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर राजेश कुमार राय, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अमिताभ, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक सुजीत कुमार साहा, प्रधान वित्त सलाहकार योगेश कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर हीरेन्द्र सिंह राना, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रणवीर सिंह चौहान, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश कुमार एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इसके पूर्व उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी, ने बरेका में हो रहे हिंदी के प्रयोग और प्रगति के लिए किए जा रहे रचनात्मक प्रयासों से अवगत कराया। बैठक का संचालन एवं धन्यरवाद ज्ञापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## सम्पादकीय

## कहर कुदरत का

पहाड़ों पर बरसात के वक्त खतरे बढ़ जाते हैं। पर कुदरत के कहर पर किसका वश चलता है। इस बार अमरनाथ गुफा के दो किलोमीटर के दायरे में बादल फटा और दर्जन भर से ज्यादा श्रद्धालु मारे गए। चालीस के करीब लोग लापता बताए जा रहे हैं। मगर अमरनाथ यात्रा का समय तय होता है, पर श्रद्धालु जोखिमों की परवाह किए बिना यात्र को निकल पड़ते हैं। गनीमत है कि उस अनुपात में बहुत नुकसान नहीं हुआ, पर इस घटना से यह सबक तो मिलता ही है कि सुरक्षा संबंधी उपायों पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, अमरनाथ यात्र के मद्देनजर रास्तों में अस्थायी इंतजाम किए जाते हैं। जैसे लोगों के ठहरने के लिए जो तंबू लगाए जाते हैं, वे कपड़ों और प्लास्टिक के होते हैं। जो लंगर वगैरह होते हैं, वे भी इसी तरह अस्थायी बंदोबस्त होते हैं। इसलिए जब बादल फटा तो कई तंबू और लंगर बह गए। हर श्रद्धालु का पंजीकरण कराया जाता है, रास्ते भर सुरक्षा के इंतजाम होते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने या किसी दुर्घटना के वक्त स्थिति को काबू में करने के लिए जगह-जगह विश्रामगृह और अस्पतालों की व्यवस्था है। हालांकि सेना तुरंत बचाव कार्य में लग गई और उसने घायलों को अस्पताल और बाकी लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने में तत्परता दिखाई। पहाड़ों पर बादल फटने की घटनाएं हमेशा जान-माल को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। जिस वक्त अमरनाथ गुफा के पास बादल फटा, उस वक्त वहां दस से पंद्रह हजार लोग जमा थे। उस इलाके के पहाड़ भी कच्चे हैं, इसलिए पानी के साथ उनका मलबा बह कर आया और उसमें लोग दब गए। हालांकि कश्मीर के पहाड़ों पर अभी उस तरह विकास परियोजनाएं नहीं चलती हैं, जैसी हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों पर चल रही हैं। इसलिए उन पहाड़ों पर बादल फटने से भारी नुकसान नहीं देखा जाता।

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के स्थापना दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. बिलासपुर सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के स्थापना दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तत्वावधान में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा 'प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन प्रशिक्षण' विषय पर एक संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक २२ जून २०२२ को बिलासपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, विजय प्रताप सिंह, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आलोक सहाय, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर, डॉ पी के सरदार, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक तथा डॉ संदीप तिवारी, अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एशोसिएशन (आईएमए) बिलासपुर उपस्थित थे। आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, सिविल डिफेंस, रेलवे स्कूल के शिक्षकों और रेल कर्मियों सहित लगभग २०० प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ अतनु भट्टाचार्य द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट (सीपीआर) पर एक प्रस्तुति दी गई और इसके पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा उपरोक्त विषय पर प्रदर्शन किया गया। सेंट जॉन एम्बुलेंस भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी का एक विंग है जो प्राथमिक रूप से प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी जीवन समर्थन में प्रशिक्षण प्रदान करता है और साथ ही किसी भी आपात स्थितिमें चिकित्सा के मामले में प्राथमिक प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में कार्य करता है।

इस अवसर पर इस संगोष्ठी एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस पहल की सराहना की और प्रतिभागियों को जीवन रक्षक कौशल सीखने के अवसर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजय प्रताप सिंह, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोविड महामारी के दौरान सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के स्वयं सेवकों के प्रयासों की सराहना की।

डॉ संदीप तिवारी, अध्यक्ष आईएमए बिलासपुर ने आईएमए के सहयोग से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके गैर रेलवे आबादी तक पहुंच बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन के द्वारा वृक्षारोपण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो), मुख्यालय के सदस्याओं द्वारा डा. श्रीमति वनिता जैन, अध्यक्षा सेक्रो के नेतृत्व में आधारशिला स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण में एक जागरूक संगठन की तरह अपनी भूमिका को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगातार वृक्षारोपण एवं पर्यावरण से संबंधित अनेको कार्यक्रम आयोजित किये जाते है । इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, ना सिर्फ किसी विशेष अवसर पर बल्कि पूरे वर्ष जल, पर्यावरण एवं वातावरण को संरक्षित रखाने के लिए प्रयासरत है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सफल प्रयासों का प्रत्यक्ष उदाहरण बिलासपुर स्थित रेलवे क लोनी की हरियाली है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी संगठन रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवार के कल्याण हेतु कार्य करने वाला एक संगठन है।

यह संगठन विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यकलापों में संलग्न है। इसी के अन्तर्गत सेक्रो द्वारा आधारशिला, बाल वाटिका, रेलवे हॉस्पिटल कैन्टीन आदि संचालित किया जाता है। इसके साथ ही समय -समय पर समाज कल्याण कार्यों में अपना योगदान दिया जाता है ।

# संरक्षा जागरूकता को चली मोबाइल वीडियो वैन



रे.स.ब्यूरो./संवा. अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने अपर महाप्रबंधक रंजन यादव और अन्य अधिकारियों के साथ समपारों के बारे में संरक्षा जागरूकता प्रसारित करने के लिए एक मोबाइल वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से रवाना किया था। यह संरक्षा जागरूकता वैन अपने ३५ दिनों के अभियान के दौरान, सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के ३ मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर करेगी। टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॉसिंगों, गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर करेगी। वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें 'लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास कर' 'ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जान', 'ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें', 'यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करना', 'ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाना' आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से माण्डा रोड ,कैलहट ,चुनार स्टेशनों पर समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के प्रति लोंगो को किया गया जागरूक लोंगो ने विडियो के माध्यम से रेलवे में सुरक्षा से सम्बंधित बरती जाने वाली सावधानियों को उत्साह पूर्वक देखा और समझा।

# अकारण चेन पुलिंग करने वालों से वसूला जुर्माना

रे.स.ब्यूरो./सूत्र उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में माह अप्रैल २०२२ से २६ जून २०२२ तक बिना उचित कारण के चौन पुलिंग करने वाले ३२४ लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनसे २८६१६० जुर्माना स्वरूप वसूल किया गया। जबकी केवल प्रयागराज जंक्शन पर ३७, तथा कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर ३१ लोंगो को अकारण चेन पुलिंग करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। रेलवे के नियमों के तहत चेन पुलिंग की सुविधा का दुरुपयोग एक कानूनन जुर्म है। रेलवे अधिनियम की धारा १४१ के तहत अगर कोई यात्री बिना किसी उचित और पर्याप्त कारण के अलार्म चेन का प्रयोग करता है तो उस व्यक्ति पर १,००० रुपये का जुर्माना या एक साल की कैद या दोनों हो सकते हैं।

# नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज भारत सरकार के स्वयं सेवकों, युवा मंडलों द्वारा डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बेली हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया।

नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा लेखाकार अदनान उल्ला खान के निर्देशन में यह कैंप कराया गया। उन्होंने कहा की युवाओं को इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। पहले रक्तदाता के सैंपल चेक किया जाता है तथा स्वस्थ मानक होने के बाद ही रक्त दान कराया जाता है तथा रक्तदान उपरांत शरीर में नया खून बनता रहता है जो कि स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। इस अवसर पर कौड़िहार के स्वयं सेवक कुलदीप ने रक्तदान किया। कुलदीप मिश्र का मानना है कि रक्तदान से किसी को जीवन दान दिया जा सकता है और यह समाज और मानवता के प्रति सच्ची स्वयं सेवा है और सभी युवाओं को इस कैंप में आगे बढ़कर आना चाहिए। युवा मंडल मोहरब के अध्यक्ष प्रतीक कुमार, बहरिया से युवा मंडल प्रशांत श्रीवास्तव आदि ने रक्तदान कर के अन्य युवा मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। महिला स्वयं सेवकों सहसों की जागृति मिश्रा ने रक्तदान कर महिला मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया और महिला मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। भगवतपुर के स्वयं सेवक सुनील निषाद ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कौंधियारा के स्वयं सेवक सुभाष पांडे का सीआईएसएफ का फिजिकल टेस्ट होने के बावजूद १ यूनिट रक्त दान कर देश के प्रति सेवा भाव का परिचय दिया। नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल राज युवा संस्थान के अध्यक्ष राम अवध कुशवाहा ने अब तक कुल ३५ बार तथा राज्य प्रशिक्षक महेश द्विवेदी ने १२ बार रक्तदान किया है। राम अवध को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य रक्त संचरण परिसर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है।

इस कैंप में राम अवध कुशवाहा तथा महेश द्विवेदी ने रक्तदान हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया और अधिक संख्या में ऐसे समाज हित मानवता हित कैंप में प्रतिभाग करने को कहा। डाइट प्रवक्ता गोकर्ण शुक्ला ने प्रतिभाग किया और रक्तदान किया।

# General Manager Anjali Goyal flagged off the Railway Protection Force rally



Source CPRO : On 1st of July '22 Under the Azadi ka Amrit Mahotsav a massive rally of bike, band and LED display vehicle taken out by the Railway Protection Force of North Eastern Railway, Varanasi Division, at Banaras Locomotive Works FCI Gate, was vigorously carried out by Railway Protection Force BLW on reaching BLW premises. In the Azadi Ka Amrit Mahotsav rally ceremony organized by Railway Protection Force BLW at Kundan Engine trijunction located in the BLW premises, the public was also made aware about the work, role, and campaigns of Railway Protection Force through display vehicles, which was well appreciated by the public. The rally was flagged off by General Manager BLW Anjali Goyal. Principal Chief Mechanical Engineer Amitabh, Principal Chief Personnel Officer Pradeep Kumar Singh, Deputy General Manager Vijay, Public Relations Officer Rajesh Kumar and other officers were present in the ceremony.

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्र बिलासपुर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की ६२ वीं बैठक विजय प्रताप सिंह, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में जोनल सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में सभी विभागों के प्रमुख विभाग अध्यक्ष, तीनों मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक एवं प्रतिनिधि अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक की शुरूआत अमिताव चौधरी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक के स्वागत भाषण से हुआ। संबोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समग्र लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि विगत तिमाही की तुलना में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में समग्र रूप से हिंदी की अच्छी प्रगति हुई है जिसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अपर महाप्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने राजभाषा में हो रहे उपलब्धिपूर्ण कार्यों के लिए सभी सदस्यों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और बेहतर ढंग से कार्य करते हुए पूरे भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है । यह सभी के समन्वित प्रयास से ही संभव हो सकता है। नियमानुसार राजभाषा प्रयोग के क्षेत्र में जहां-जहां कमियां दिखती हैं उन्हें चिन्हित कर राजभाषा विभाग के सहयोग से उनमें सुधार के प्रयास किये जाएं। राजभाषा विभाग का कार्य काफी प्रशंसनीय है। इसे जारी रखा जाए और उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि सभी सदस्य राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की सूची शेयर फोल्डर में रखने के निदेश दिए ताकि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसका अवलोकन कर पुस्तकें जारी करवा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तके जारी करने के पश्चात समीक्षा लिखकर एक सार प्रस्तुत करें जिसे प्रतियोगिता के रूप में शामिल किया जा सके । उन्होंने सभी सदस्यों को निरीक्षण रिपोर्ट में राजभाषा संबंधी मद का उल्लेख करने का भी निदेश दिया । अधिकारियों को हिंदी में नोटिंग करने के लिए प्रयोग में आने वाले शब्दों/वाक्याशों की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया जिससे नोटिंग में हिंदी को बढ़ावा दिया जा सके. ई-ऑफिस में नोटिंग करने हेतु एक वाक्यांश की सूची या टेम्लेट सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दी जाएं। इस अवसर पर नगर राजभाषा समिति के तत्वाधान में आयोजित सुमित्रनंदन पंत जयंती में व्याख्यान प्रतियोगिता के कुल ०५ अधिकारियों एवं रेलवे बोर्ड से प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कार प्रशस्ति पत्र एवं आलेखन टिप्पण प्रतियोगिता के कुल ०६ विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक महोदय के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यसूची की प्रस्तुति वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। विगत माह नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के सदस्य कार्यालयों के लिए आयोजित सुमित्रनंदन पंत व्याख्यानमाला प्रतियोगिता के विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों यथा निवेदिता शुक्ला- डाक विभाग, फूलचंद लोधी–बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन (केंद्रीय रेशम बोर्ड), अखिलेश तिवारी – गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्पण कुमार– भारतीय स्टेट बैंक एवं अभ्यानंदजी यादव– सीएम पीडीआई को अपर महाप्रबंधक द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं रेलवे बोर्ड द्वारा व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त अधिकारियों में सुजाता विश्वास, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, बिलासपुर मंडल, ऋषिकेश खरे, कार्यालय अधीक्षक, रायपुर मंडल एवं संदीप सुरेश नितनवरे,कार्यालय अधीक्षक, मोतीबाग, नागपुर तथा डी.सी. मंडल, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (आरपी) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक के कार्यसूची की प्रस्तुति वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने दी। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी निबंध तथा वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्र राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार और मुख्य राजभाषा अधिकारी शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल स्तर पर हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन एवं हिंदी निबंध तथा वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाप्रबंधक कार्यालय सहित सभी मंडलों और कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। 'भारतीय रेल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उपाय' विषय पर आयोजित हिंदी वाक् प्रतियोगिता में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों के प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रतिभागी कर्मचारियों ने भारतीय रेल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बदलते हुए समय के अनुरूप आय में वृद्धि और खर्च में कमी के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह ने कहा कि वाक् प्रतियोगिता में वक्ताओं को विषय की सम्यक समझ होनी चाहिए और सटीक तथ्यों के साथ-साथ स्पष्ट अभिव्यक्ति भी होनी चाहिए। सिंह ने कहा कि भारतीय रेल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय और व्यय के विभिन्न कारकों का गहराई से विश्लेषण किया जाना चाहिए क्योंकि भारतीय रेल को न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाना अपेक्षित है, बल्कि इसे नए और आत्मनिर्भर भारत की समग्र अवधारणा को साकार करने में भी अग्रगामी भूमिका निभानी है। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय रेल को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने ऋणों को कम करना होगा तथा अनुसंधान और विकास के स्तर को भी बढ़ाना होगा। सिंह ने कहा कि इसके लिए देशी और विदेशी पर्यटकों को बढ़ाने के साथ-साथ ही रेलवे की भूमि का व्यावसायिक उपयोग और विज्ञापन और प्रचार कार्य जैसे बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में एम. एस. नजमी, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/टेली., निर्माण संगठन, मुख्यालय को प्रथम स्थान, अजय प्रकाश, तकनीशियन, डीजल शेड, झाँसी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री कुमारी किशोरी, कार्यालय अधीक्षक, यांत्रिक विभाग, मुख्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त कृष्ण शुक्ला, वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग, मुख्यालय, ओम कुमार कश्यप, तकनीशियन, सिथौली कारखाना एवं श्री दीपक कुमार, लोको पायलट, आगरा को प्रेरणा पुरस्कार के लिए पात्र घोषित किया गया।

## यूपी बोर्ड के हाईस्कूल, इंटर के रिजल्ट में बेटियों का रहा दबदबा

रे.स.ब्यूरो./सूत्र हाईस्कूल की टॉप टेन मेरिट में ७० फीसदी बेटियों ने कब्जा रहा है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की टॉप टेन मेरिट में इस बार बेटियों का दबदबा रहा। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में शीर्ष तीन स्थानों पर जगह बनाने वाले चार-चार परीक्षार्थियों में दो-दो बेटियां शामिल हैं। वहीं, इंटरमीडिएट टॉप टेन में ५३ फीसदी बेटियां हैं। हाईस्कूल का रिजल्ट ८८.१८ फीसदी और इंटरमीडिएट का रिजल्ट ८५.३३ फीसदी रहा। हाईस्कूल में अनुभव इंटर क लेज मुरलीपुर रार कानुपर नगर के छात्र प्रिंस पटेल ने ९७.६७ फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है। वह मूलरूप से इब्राहिमपुर बिंदकी, फतेहपुर के निवासी हैं। वहीं, मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर और कानपुर नगर की किरन कुशवाहा ९७.५० फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। कन्नौज के अनिकेत शर्मा (९७.३३ फीसदी) ने तीसरे स्थान पर रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक व अन्य उच्चाधिकारियों ने किया योगाभ्यास



रे.स.ब्यूरो./सूत्र हाजीपुरः ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर महाप्रबंधक अनुपम शर्मा एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में ''मानवता के लिए योग'' थीम पर आधारित योग शिविर का दिनांक २१.०६.२०२२ को आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा एवं भारती शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम की क्रियाएं करवायी गयी एवं इससे होने वाले बहुआयामी लाभ के संबंध में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारू रूप से कार्यशील रखने हेतु प्राणायाम एवं योग के अन्य विधाओं का अभ्यास किया। इससे पहले महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण कर्नाटक के मैसूर में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं प्रधानमंत्री के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उड़ीसा के कोणार्क से वीड़ियों लिंक के माध्यम से जुड़े हुए थे ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर एवं निर्माण संगठन कार्यालय, महेन्द्रूघाट, पटना तथा पांचों मंडलों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया ।

इन सभी स्थानों पर भी प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया ।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

### पितृ दिवस (मई माह के तृतीय रविवार की पूर्व संध्या) पर गीत- उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट

बरगद जैसी छाया थी, हम बहुत यहाँ इठलाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
फिर से कब पनप सकेगी, जीवन की सूखी डाली
अरमानों की दुनिया की, रहती है सूनी थाली
है पता नहीं पल भर की, जाने कब क्या हो जाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
धरती पर स्वर्ग बना था, जब रहा पिता का साया
तब नहीं किसी संकट ने, था हमको कभी सताया
अब याद रह गई उनकी, जो रह-रहकर तड़पाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
गोदी में बहुत खिलाया, पैदल चलना सिखलाया
जो भाया हमें खिलौना, वह था हमको दिलवाया
सारी जिद करते पूरी, अपने दायित्व निभाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
आई पढ़ने की बारी, अच्छी शिक्षा दिलवई
तंगी में जीवन काटा, थी इसमें छिपी भलाई
सोचा अपना बच्चा भी, दुनिया में नाम कमाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
जिनकी महिमा के कारण, हम आसमान को छू लें
जो रहे सदा हित चिंतक, उनको हम कैसे भूलें
दुनिया से चले गए जो, पर मन में इतने छाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।
जीवन को सफल बनाएँ, हम करें पिता की पूजा
इससे बढ़कर दुनिया में, कर्तव्य न कोई दूजा
माता रहती हैं गुमसुम, अब पीड़ा कौन मिटाए
जब पिता यहाँ थे जीवित, हम उनको समझ न पाए।

रचनाकार -उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट
'कुमुद- निवास'
बरेली (उ. प्र.) मोबा.- ९८३७९४४१८७

# प्रयागराज मंडल में किया गया "पेंशन अदालत" का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मोहित चंद्रा के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल में कार्मिक विभाग द्वारा मंडल सभागार में दिनांक १५ जून २०२२ (बुधवार) को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। प्रयागराज मंडल द्वारा निरंतर पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हुए रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेंशन अदालतों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य पेंशनरों की परिवादों का नियमानुसार सकारात्मक समाधान करना होता है। इसके पूर्व पिछले दो वर्षो में कोविड-१६ महामारी की आपात परिस्थिति के मद्देनजर पेंशनरों की स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल पेंशन अदालत आयोजित किये गए थे एवं परिवादों का निस्तारण किया गया था। दिसम्बर २०१६ के बाद पहली बार फिजकली इस प्रकार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे ने ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन, एनसीआर प्रयागराज के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं उपस्थित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब रेल परिवार के सदस्य हैं। भारतीय रेलवे के निर्माण में आप सभी की अहम भूमिका रही है। अतः यह हमारा दायित्व है कि रिटायरमेंट के बाद पेंशन संबंधी परिवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे आपका सेवानिवृत्त जीवन परिवार के साथ सुखद एवं खुशहाल रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामना देते हुए यह विश्वास दिलाया कि प्रयागराज मंडल उनके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। कार्मिक विभाग को सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन संबंधी ५६ आवेदन प्राप्त हुए थे।

कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग के संयुक्त प्रयासों से सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के सभी ५६ मामलों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जवाब दिये गये ।

इस कार्यक्रम में मंडल कार्मिक अधिकारी आशीष कुमार शुक्ला, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक आशीष शर्मा, एवं कर्मचारी कल्याण निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# ३० जुलाई को होगा एनटीपीसी लेवल चार और छह का एप्टीट्यूड टेस्ट



रे.स.ब्यूरो./सूत्र नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) के लेवल- चार और छह के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट की तिथि रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) प्रयागराज ने जारी कर दी है। ३० जुलाई को कंप्यूटर आधारित एप्टिट्यूड टेस्ट (सीबीएटी) होगा। आरआरबी प्रयागराज के चेयरमैन आर ए जमाली ने बताया कि सीबीएटी की तिथि घोषित कर दी गई है जिसकी जानकारी आरआरबी की वेबसाइट में उपलब्ध है। आरआरबी प्रयागराज की वेबसाइट में भी यह सूचना अपलोड कर दी गई है। सीबीएटी में ३७५४ अभ्यर्थी शिरकत करेंगे। असिस्टेंट स्टेशन मास्टर और ट्रैफिक असिस्टेंट वर्ग के एप्टिट्यूड टेस्ट में शामिल होने के लिए में सीबीएटी के लिए शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को निर्धारित फार्मेट में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसमें नेत्र विशेषज्ञ से प्रमाणित प्रमाण पत्र उन्हें देना होगा। इसके बिना वह टेस्ट में शामिल नहीं हो सकेंगे। बता दें एप्टिट्यूड टेस्ट में कुल पद के सापेक्ष ८ गुना यूनिक नंबर वाले अभ्यर्थी बुलाए गए हैं। इस भर्ती के जरिए असिस्टेंट स्टेशन मास्टर, ट्रैफिक असिस्टेंट, गुड्स गार्ड, कामर्शियल अपरेंटिस आदि पदों पर नियुक्ति होनी है।

''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''

-सरदार वल्लभभाई पटेल

# झाँसी मंडल में वीडियो वैन द्वारा चला जागरूकता अभियान



रे.स.ब्यूरो./सूत्र झांसीः संरक्षा जागरूकता मोबाइल वीडियो वैन ने बांदा-मानिकपुर के मध्य बांदा स्टेशन, तहसील, महुआ ब्लाक, प्राथमिक विद्यालय महुआ, समपार फाटक संख्या एलसी ४७६/टी, अतर्रा स्टेशन एवं कामतानाथ, भरतकूप स्टेशन, समपार फाटक ४६६/टी बेडी पुलिया, चित्रकूट, मानिकपुर स्टेशन पर जनजागरुकता फैलाई। दिनांक २७.०६.२०२२ को इस अभियान के दौरान रेल-सड़क उपयोगकर्ताओं को रेल यात्रा से जुड़े सावधानियों के बारे में आडियो विजुअल सिस्टम के द्वारा जागरूक किया गया। यह संरक्षा जागरूकता वैन अपने ३५ दिनों के अभियान के दौरान, सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के ३ मंडलों में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर कर रही है। टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॉसिंगों, गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर कर रही है । वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें 'लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास करें', 'ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जाने', 'ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें', 'यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करना', 'ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाना' आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। वैन की पूरी यात्रा के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के सेफ्टी काउंसलर साथ है, और विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पैम्फलेट पोस्टर और स्टिकर वितरित कर रहे है ।

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।

महात्मा गांधी

# अब २०० की रफ्तार से चलेंगी दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./सूत्र आने वाले दिनों में अगर सब कुछ ठीक रहा तो प्रयागराज से देश की राजधानी दिल्ली तक ट्रेन द्वारा महज तीन से साढ़े तीन घंटे में पहुंचा जा सकेगा। बता दें की लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने २०० किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने में सक्षम सेमी हाइस्पीड ट्रेन की कम भार की एल्युमिनियम बाडी की डिजाइन तैयार की है। वहीं वर्तमान में दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड १६० किमी प्रतिघंटा करने की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका ट्रायल इसी वित्तीय वर्ष में हो सकता है। खास बात है कि इसका ट्रायल उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के प्रयागराज मंडल में होगा। दरअसल, देश में सर्वाधिक ट्रेनों की आवाजाही दिल्ली-हावड़ा रूट पर ही है। इसी वजह से इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए यहां आधारभूत संरचना सुधारने पर ही रेलवे का जोर है।

# अब सभी चौराहों पर होंगे ऑनलाइन चालान

रे.स.ब्यूरो./सूत्र अब शहर के सभी चौराहों पर वाहन चालक तीसरी नजर के दायरे में होंगे। इसके साथ ही अगर आप यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं तो जरा अलर्ट हो जाएं। यानी सभी चौराहों पर कैमरों से निगरानी होगी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऑनलाइन चालान भी होंगे। इसके अतिरिक्त स्टॉप लाइन वॉयलेशन के साथ-साथ ट्रिपलिंग, हेलमेट, नंबर प्लेट संबंधी नियमों के उल्लंघन पर भी कैमरों से चालान शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में एडीजी ट्रैफिक अशोक कुमार ने यातायात पुलिस को दिशा-निर्देश दिए।एडीजी ट्रैफिक सड़क सुरक्षा के संबंध में पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में शामिल हुए। इसमें एसएसपी अजय कुमार, यातायात पुलिस के साथ ही आरटीओ, नगर निगम, पीडीए समेत कई अन्य विभाग के लोग भी शामिल हुए।

# एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करना पूरे समाज को मजबूत करना है-पीएम मोदी




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'उद्यमी भारत' कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'एमएसएमई प्रदर्शन में सुधार तथा तेजी' (रैंप) योजना, 'पहली बार के एमएसएमई निर्यातकों का क्षमता निर्माण' (सीबीएफटीई) योजना और 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमश (पीएमईजीपी) की नई सुविधाओं जैसी प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया। दिनांक ३०.०६.२०२२ को उन्होंने २०२२-२३ के लिए पीएमईजीपी के लाभार्थियों को डिजिटल रूप से सहायता भी हस्तांतरित की, एमएसएमई आइडिया हैकथ न, २०२२ के परिणाम घोषित किए, राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार, २०२२ वितरित किए और आत्मनिर्भर भारत (एसआर आई) फंड में ७५ एमएसएमई को डिजिटल इक्विटी सर्टिफिकेट जारी किए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और भानु प्रताप सिंह वर्मा, देश भर के एमएसएमई हितधारक और विभिन्न देशों के राजनयिक उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएम ई के उद्यम से ही आत्मनिर्भर भारत के अभियान को सिद्धि मिलेगी, भारत सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि २१वीं सदी में भारत जो भी ऊंचाइयां हासिल करेगा, वह एमएसएमई क्षेत्र की सफलता पर निर्भर करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का एक्सपोर्ट लगातार बढ़े, भारत के प्रॉडक्ट्स नए बाजारों में पहुंचें इसके लिए देश के एमएसएमई सेक्टर का सशक्त होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार, आपके इसी सामर्थ्य, इस सेक्टर की असीम संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रही है, नई नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई पहल और सरकार द्वारा किए गए अन्य उपाय एमएसएमई की क्वालिटी और प्रमोशन से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम एमएसएमई कहते हैं तो तकनीकी भाषा में इसका विस्तार होता है माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज। लेकिन ये सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, भारत की विकास यात्रा का बहुत बड़ा आधार हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी एमएसएमई सेक्टर की है। एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करने का मतलब है- पूरे समाज को सशक्त करना, सबको विकास के लाभ का भागीदार बनाना, सबको आगे बढ़ाना। इसलिए एमएसएमई सेक्टर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रधानमंत्री ने कहा, एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए पिछले आठ साल में हमारी सरकार ने बजट में ६५० प्रतिशत से ज्यादा की बढोतरी की है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "हमारे लिए एमएसएमई का मतलब है- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अधिकतम समर्थन। यह बताते हुए कि ११ करोड़ से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। महामारी के संकट के दौरान, हमने अपने छोटे उद्यमों को बचाने के साथ ही उन्हें नई ताकत देने का भी फैसला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के तहत साढ़े ३ लाख करोड़ रुपए की मदद एमएसएमई उद्यमों के लिए सुनिश्चित की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इससे करीब १.५ करोड़ रोजगार खत्म होने से बच गए। उन्होंने कहा कि आजादी के इस अमृत काल में, हमारे एमएसएमई भारत की आत्मनिर्भरता के विराट लक्ष्य की प्राप्ति का भी एक बहुत बड़ा माध्यम हैं। मोदी ने उस समय को याद किया जब पहले की सरकारों ने इस क्षेत्र के महत्व को नहीं पहचाना और छोटे उद्यमों को छोटा रखने वाली नीतियों को अपनाकर इस क्षेत्र को जकड़ लिया था। इससे निपटने के लिए एमएसएमई की परिभाषा में बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई उद्योग आगे बढ़ना चाहता है, विस्तार करना चाहता है, तो सरकार न केवल उसे सहयोग दे रही है, बल्कि नीतियों में जरूरी बदलाव भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीईएम में, एमएसएमई को सरकार को सामान और सेवाएं प्रदान करने के लिए एक बहुत ही मजबूत मंच मिला है।

# उत्तर मध्य रेलवे की ०९वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न








साभारः उत्तर मध्य रेलवे की ९वीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की प्रयागराज में दिनाँक २४ जून २०२२ को आयोजित द्वितीय बैठक में उर्जान्चल के रेल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे एस० के० गौतम को रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड के अधीन राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री कॉउन्सिल (एनआरयूसीसी) हेतु हुए चुनाव में भारी मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। एनसीआर के उपमुख्य कार्मिक अधिकारी एम० के० कुलश्रेष्ठ चुनाव अधिकारी द्वारा वीडियो ग्राफी के साथ मतदान कराया। मतदान में एक सांसद सहित ४४ सदस्यों ने मतदान किया। तीन सदस्यों ने निर्वाचन हेतु नामांकन किया। जिसमें गौतम को सर्वाधिक २४ मत प्राप्त हुये। अन्य दो को क्रमशः १२ एवं ०८ मत प्राप्त हुए। एनआरयूसीसी क उन्सिल में चेयरमैन रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, १० लोकसभा व ५ राज्यसभा सांसद सदस्य तथा उद्योग, वाणिज्य व पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सचिव, रेलवे बोर्ड के महा-प्रबंधक स्तर के रिटायर्ड २ अधिकारी सदस्य हैं। प्रत्येक रेलवे जोन के जेडआरयूसीसी सदस्यों में से एक सदस्य को निर्वाचन द्वारा एनआरयूसीसी सदस्य चुना जाता है। विभिन्न राष्ट्रीय संघटनों से ०७ सदस्यों का मनोनयन मंत्रालय द्वारा किया जाता है। गौतम के निर्वाचित होने पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज प्रमोद कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया व बधाई दी। राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, रामशकल एवं लोकसभा सोनभद्र सांसद पकौड़ी लाल कोल ने भी निर्वाचित होने पर दूरभाष से गौतम को बधाई दी और हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की।



सरलता और सहजता के परिचायक, देश के लोकप्रिय ऊर्जावान नेता, भारत सरकार के केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री (खेल, युवा एवं सूचना प्रसारण) मेरे प्रेरणास्रोत, मा. अनुराग ठाकुर जी भैया से दिल्ली में उनके आवास पर आत्मीय मुलाकात की।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8 मो. 9793956044,9935224867 फोन नं.-0532-2418040